



## एक नजर में



### गुप्त साधना करने शाहगंज आए दादा गुरु

**शाहगंज.** अवधूत योगी दादा गुरु बीती रात्रि 11 बजे अचानक शाहगंज विश्राम गृह पहुंचे. विश्राम ग्रह से बिना किसी लाव लश्कर के दादागुरु रेस्ट हाउस घाट पहुंचे एवं मां नर्मदा को प्रणाम किया तत्पश्चात रामकृष्ण साधनालय में पहुंचकर साधनालय में चल रही अखंड रामायण पाठ हो बैठ कर सुना तत्पश्चात पुन: मां नर्मदा के तट पर पहुंचकर किनारे पर आसन लगाकर मां नर्मदा की साधना की. दादा गुरु गुप्त साधना हेतु मां नर्मदा के तट पहुंचे. रात्रि में रामकृष्ण साधनालय में उपस्थित श्रद्धालुओं ने दादा गुरु के दर्शन कर आशीर्वाद लिया. दादा गुरु साधना करने के पश्चात दोपहर में रवाना हो गए.



### विश्व स्तनपान सप्ताह में होंगी अनेक गतिविधियां

**सीहोर.** विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत 7 अगस्त तक जिले में विभिन्न जन-जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. कलेक्टर बालागुरु के ने निर्देश दिए हैं कि सप्ताह के दौरान सभी गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए. जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एक अगस्त को इस सप्ताह का शुभारंभ हुआ. कलेक्टर ने आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को घर-घर संपर्क कर बच्चे को जन्म के प्रथम घंटे में स्तनपान प्रारंभ कराने, पहले छह माह तक स्तनपान तथा छह माह के बाद पूरक आहार के साथ दो वर्ष अथवा उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने के संबंध में परामर्श देने के निर्देश दिए.




### सेवानिवृत्ति पर सहायक शिक्षक जैन को दी विदाई

**जावर.** शासकीय माध्यमिक शाला सेमलीबारी में सहायक शिक्षक के पद पर रहे सुरेंद्र कुमार जैन सेवानिवृत्त हुए. उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सहकर्मियों, मित्रों, परिजनों एवं स्नेहीजनों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई. इस अवसर पर शरद जैन, चंद्रप्रकाश भावसार, रामसभा तोमर, सविता ठाकुर एवं चेतन ठाकुर सहित उपस्थितजनों ने श्री जैन का सम्मान कर शुभकामनाएं दीं. सुरेंद्र कुमार जैन ने कहा कि शिक्षक के रूप में सेवा करना मेरे लिए केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जि मेदारी निभाने का अवसर रहा है. मित्रों, परिजनों, समाजजनों एवं ग्रामीणवासियों ने श्री जैन को स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं देते हुए सुखमय भविष्य की कामना की.



### वृक्ष ही परमात्मा का स्वरूप, सेवा भाव से करें वृक्षारोपण

**बुधनी.** नर्मदा भक्त एवं महायोगी परम नर्मदा संत अवधूत दादा गुरु गत दिवस संक्षिप्त प्रवास पर नगर पहुंचे. इस दौरान वे सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय के निवास पहुंचे, जहां परिवारजनों एवं नगर के प्रबुद्धजनों ने उनका स्वागत किया. इस अवसर पर दादा गुरु ने प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि जिस प्रकार मनुष्य भगवान के प्रति श्रद्धा और भाव जागृत कर पूजा-अर्चना करता है, उसी प्रकार वृक्षों के प्रति भी श्रद्धा और सेवा का भाव होना चाहिए. उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि प्रकृति और परमात्मा की सेवा का माध्यम है. दादा गुरु ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लें. नर्मदा तटों को हरित और समृद्ध बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि वृक्षों में दिव्य चेतना का वास होता है. उन्होंने कहा कि उनका संकल्प मां नर्मदा के संपूर्ण आंचल को हरित चुनरी से आच्छादित करना और प्रत्येक व्यक्ति के मन में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का भाव उत्पन्न करना है.



### भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने मनाई प्रेमचंद जयंती

**इछावर.** हिंदी विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रेमचंद जयंती के अंतर्गत उनकी रचनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई. जिसमें रचनात्मक वैचारिक चित्रण प्रदर्शित हुआ. प्राचार्या डॉ.सुनीता यादव ने प्रेमचंद के सामाजिक एवं वैचारिक परिस्थितियों के समाहित चित्रण से वगत कराया. कार्यक्रम में डॉ. कलावती, प्रोफेसर मुकेश शर्मा, डॉ. अरविंद बेस, सीताराम विश्वकर्मा, नीता माहौर, बीएल मीणा, शरद मेश्राम, राजेश अहिरवार आदि उपस्थित थे.

# मेन रोड पर हाथ ठेलों को लेकर हुआ बवाल

## हाथ ठेले वालों की गुंडागर्दी से तंग आकर सर्राफा व्यापारियों का फूटा गुस्सा, सड़क पर लगाया जाम

- कार चालक के साथ मारपीट को लेकर व्यापारियों में रोष
- सर्राफा व्यापारियों ने कोतवाली जाकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 अगस्त. शहर के व्यस्ततम मेन रोड पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े हाथठेलों को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद रविवार को उस समय उग्र हो गया, जब एक कार चालक के साथ कथित रूप से कुछ हाथठेले संचालकों ने मारपीट कर दी. घटना से आक्रोशित मेन रोड के व्यापारी बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए और बाजार में जाम लगाकर हाथठेलों को मुख्य मार्ग से हटाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. करीब एक घंटे तक चले हंगामे के बाद पुलिस और नगरपालिका प्रशासन के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ.**



**सीहोर.** रविवार की दोपहर छावनी चौकी के पास व्यापारियों और हाथ ठेले वालों के बीच विवाद के बाद व्यापारियों ने चक्काजाम कर दिया.

जानकारी के अनुसार शहर के मेन रोड पर बड़ी संख्या में हाथठेले सड़क किनारे और कई स्थानों पर सड़क के बीच तक कब्जा जमाकर खड़े रहते हैं. इससे दिनभर यातायात प्रभावित होता है और राहगीरों के साथ वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. व्यापारियों का आरोप है कि कई बार दुकानों के सामने लगे हाथठेलों को हटाने का आग्रह करने पर हाथठेले संचालक विवाद करने लगते हैं. रविवार को भी इसी तरह के विवाद के दौरान एक कार चालक के साथ मारपीट की घटना हो गई, जिसके बाद व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा.

घटना के विरोध में व्यापारियों ने मेन रोड पर एकत्र होकर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की. उनका कहना था कि मुख्य बाजार में हाथठेलों के कारण हर दिन जाम की स्थिति बनती है, जिससे व्यापार भी प्रभावित होता है और ग्राहकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है. व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कई हाथठेले संचालक विरोध करने पर हथियार लेकर अभद्रता और दबंगई पर उतर आते हैं, जिससे बाजार का माहौल लगातार खराब हो रहा है.

हंगामे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रविंद्र यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. व्यापारियों ने उनसे तत्काल हाथठेले हटाने की मांग की. इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगरपालिका का विषय है. यदि नगरपालिका अभियान चलाती है तो पुलिस प्रशासन द्वारा पूरा सुरक्षा बल उपलब्ध कराया जाएगा और कार्रवाई में सहयोग करेंगे.

इसके बाद सभी सर्राफा व्यापारी एकजुट होकर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को मेन रोड से हाथठेले हटाने की मांग का ज्ञापन सौंपा. इस दौरान उन्होंने प्रशासन को चेताया कि अगर शीघ्र ही हाथठेले नहीं हटाए गए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा.

### बाजार को हाथ ठेलों से कराएंगे मुक्त : प्रिंस

कुछ देर बाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने व्यापारियों से चर्चा कर आश्वस्त किया कि जल्द ही विशेष अभियान चलाकर मेन रोड को हाथठेलों से मुक्त कराया जाएगा. साथ ही हाथठेले संचालकों के लिए बाजार से बाहर उपयुक्त स्थान चिन्हित कर व्यवस्थित रूप से जगह आवंटित की जाएगी, ताकि उनका रोजगार भी प्रभावित न हो और शहर की यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहे. नगरपालिका अध्यक्ष के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने जाम समाप्त कर दिया.

## डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगा प्रतिबंध

**सीहोर.** आगामी धार्मिक, सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से एसडीएम तन्मय वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं. जारी आदेश के अनुसार सीहोर अनुविभाग की राजस्व सीमा में आयोजित होने वाले जुलूसों, शोभायात्राओं, चल समारोहों एवं सार्वजनिक आयोजनों में डीजे तथा उच्च तीव्रता वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा. इसके अलावा न्यायालय परिसर, शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों, विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के 200 मीटर की परिधि में लाउड़स्पीकर एवं अन्य उच्च ध्वनि उत्पन्न करने वाले उपकरणों के उपयोग पर भी रोक रहेगी. इस आदेश का उद्देश्य आमजन की सुविधा, विद्यार्थियों की पढ़ाई, मरीजों के उपचार तथा सार्वजनिक शांति बनाए रखना है. आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी तथा उपयोग में लाए गए ध्वनि उपकरण भी जब्त किए जा सकेंगे. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है.

## सेवानिवृत्त कर्मियों को भेंट किए स्मृति चिन्ह

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 अगस्त.** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त एवं स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए दो सेवकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई. एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने दोनों कर्मियों को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया.

विदाई समारोह में एसपी सोनाक्षी सक्सेना ने सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवा अनुभवों को जाना तथा उनके परिवारजनों से भी चर्चा की. उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा के दौरान अर्जित अनुभव समाज के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहेंगे. समारोह में एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र यादव, थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील मेहर, सूबेदार प्राची राजपूत, अजय भिरे, राहुल श्रीवास्तव सहित पुलिस अधिकारी, कार्यालयीन स्टाफ एवं सेवानिवृत्त समस्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे.

समारोह में सहायक उपनिरीक्षक करण सिंह को 37 वर्ष 8 माह 21 दिन की सेवा पूर्ण करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया गया. वहीं प्रधान आरक्षक दुर्गा प्रसाद दीक्षित को 38 वर्ष 2 माह की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई.

## पंचकर्म और आयुर्वेद का महत्व बताकर दिया परामर्श

- अभा क्षत्रिय महासभा द्वारा किया था शिविर आयोजित
- विभिन्न रोगों से बचाव का दिया आवश्यक परामर्श

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 अगस्त.** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं आत्रेय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चाचियावास जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में नवीन हनुमान मंदिर बस स्टैंड परिसर में पंचकर्म परामर्श एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया.

शिविर का शुभारंभ समाजसेवी रुद्रप्रकाश राठौर, महासभा के संभागीय अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र सिंह राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष गणेश सिंह चौहान द्वारा किया गया. आयोजकों ने बताया कि शिविर के माध्यम से आमजन को आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति जागरुक करने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है. शिविर में आने वाले लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं के अनुरूप आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा से संबंधित जानकारी दी गई. शिविर का नेतृत्व




सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएन शर्मा ने किया. इस अवसर पर योग प्रशिक्षित सुरेश राठौर, धीरेन्द्र सिंह रजावत, जितेन्द्र सिंह राठौड़, गोपाल सिंह ठाकुर, रामजी सिंह परिहार, शिवशंकर सिंह, लखन सिंह गौर, शैलेन्द्र सिंह चन्देल, गणेश सिंह चौहान, मुकेश दरबार एवं सीता परिहार उपस्थित थे.

## स्वदेशी, विदेशी वस्तुओं की सूची का विमोचन

**सीहोर.** स्वदेशी जागरण मंच का स्वदेशी-विदेशी वस्तुओं की सूची के पोस्टर का विमोचन नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया. इस अवसर पर मंच के क्षेत्र विचार विभाग प्रमुख अरुषेन्द्र शर्मा ने स्वदेशी के महत्व, प्रासंगिता के बारे में बताया. साथ ही एक से 20 अगस्त तक चलने वाले मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान के बारे में भी चर्चा की गई. इस दौरान प्रदीप राठौर, भारत सिंह सिसोदिया, हुकुम सिंह, यश गिरोठिया, अनिल वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सड़क हादसे रोकने गौवंश को बांधे रेडियम



नवभारत न्यूज

**बुधनी 2 अगस्त.** नगर सहित राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी संख्या में गौवंश सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है. कई बार इन हादसों में गौवंश के साथ-साथ राहगीरों और वाहन चालकों को भी गंभीर नुकसान उठाना पड़ता है. इसी समस्या को देखते हुए विहिप, बजरंग दलकार्यकर्ताओं ने सड़क सुरक्षा की दिशा में गौवंश के गले में रेडियम के सुरक्षा पट्टे बांधे.

विहिप बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख राहुल सिंह राजपूत ने बताया कि वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी सं या में गौमाता घायल हो रही हैं, जबकि कई मामलों में उनकी दर्दनाक मौत भी हो जाती हैं. इससे आमजन भी दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं. इसी उद्देश्य से संगठन द्वारा यह अभियान चलाया गया है, जिससे रात्रि के समय होने वाले हादसों में कमी लाई जा सके. उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जि मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी सहभागिता आवश्यक है. रेडियम पट्टे लगाने का उद्देश्य गौवंश की सुरक्षा के साथ-साथ वाहन चालकों को भी सुरक्षित रखना है. अभियान में बंटी गौर, राहुल सिंह राजपूत, योगेश सिसोदिया, हिमांशु मेहरा, मुकेश पटेल, पंकज बारपेटे, सतीश मनेहरी, दीपक मालवीय एवं कन्हैया यादव आदि शामिल हैं.

## विद्यार्थी परिषद की कार्यकारिणी गठित

नवभारत ब्यूरो

**सीहोर 2 अगस्त.** अभाविप की नगर इकाई की बैठक में जिला संयोजक विष्णु ठाकुर की उपस्थिति में हिमांशु राय को नगर अध्यक्ष तथा खुशहाल मोटवानी को नगर मंत्री नियुक्त किया गया.

नागेश बैरागी, गौतम देशराज, सौरभ माहेश्वरी, तनु राठौर एवं पल्लवी धाकड़ को नगर सहमंत्री बनाया गया. लक्ष्य समाधिया को नगर महाविद्यालय प्रमुख, हर्षित बिछोला को सह प्रमुख का दायित्व सौंपा गया. शिवम राजपूत को नगर विद्यालय प्रमुख एवं केशव गोहिया को सह प्रमुख नियुक्त किया गया. नीरज राठौर नगर कार्यालय मंत्री तथा देवेन्द्र मालवीय नगर कार्यालय सहमंत्री बनाए गए. सोशल मीडिया प्रमुख वरुण कुशवाह तथा सह प्रमुख पद की कृष्णा और अभिषेक राठौर को जिम्मेदारी दी गई. हिमांशी मालवीय को नगर छात्रा प्रमुख, जबकि तिशा चौकसे एवं आरती यादव सह प्रमुख नियुक्त किया. निजी विश्वविद्यालय संयोजक शिवांग तथा सह संयोजक राहुल मालवीय एवं दिव्यांश चन्द्रवंशी बनाए गए.प्रथम सोनी एसएफएस प्रमुख तथा अरुण मेहरा एवं उपेन्द्र वर्मा को सह प्रमुख बनाया गया.

## शिव महापुराण में उमड़ा भक्तों का सैलाब

नवभारत न्यूज

**भैरुंदा 2 अगस्त.** अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन भक्ति का महासागर उमड़ पड़ा.

कथा श्रवण के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे. कथा के दौरान भगवान शिव के भजनों की प्रस्तुति हुई, जिस पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते नजर आए. कथा व्यास पं. राघव मिश्रा ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा शिव की आराधना करने वाला भक्त निराश नहीं होता. भगवान भोलेनाथ अपने प्रत्येक भक्त की पुकार सुनते हैं. भोलेनाथ की भक्ति में इतनी शक्ति है कि वे मनुष्य के जीवन की दिशा बदल सकते हैं. उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान शिव पर अटूट विश्वास रखते हुए उनकी आराधना करनी चाहिए.

## इंटेलीट्रेस हैकाथॉन में वीआईटी ने लहराया परचम

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 अगस्त.** वीआईटी विवि के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की इंटेलीट्रेस हैकाथॉन में दूसरा स्थान प्राप्त किया है.

वीआईटी चेन्नई द्वारा इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की टीम ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई आधारित अभिनव समाधान प्रस्तुत कर निर्णायकों की सराहना हासिल की. इस उपलब्धि के साथ



टीम को एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए. वीआईटी का प्रतिनिधित्व छात्र ऋषभ राज, लोकेश केवट, पेरेपु सौम्या तथा छात्रा तेजस्वनी यादव ने किया. टीम ने मल्टी-टियर सप्लाई चेन फ्रॉड डिटेक्शन विषय पर चुनौती स्वीकार करते हुए मशीन लर्निंग, ग्राफ एनालिटिक्स और एनोमली डिटेक्शन तकनीकों पर आधारित एआई समाधान विकसित किया, जो जटिल सप्लाई चेन नेटवर्क में धोखाधड़ी की गतिविधियों की प्रभावी पहचान करने में सक्षम है.

**संगीत** | महान गायक मोहम्मद रफी के अमर गीतों को स्वर देकर कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि

## सुरमयी शाम ! मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 अगस्त.** सरगम के साथी क्लब के तत्वावधान में स्वर सम्राट मोहम्मद रफी की 46 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रफी साहब के अमर गीतों की स्वर लहरियों ने देर रात तक संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किए रखा. कार्यक्रम में सीहोर, भोपाल एवं आष्टा के गायक-गायिकाओं ने शानदार प्रस्तुतियों से रफी साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.

कार्यक्रम में एक हसीन शाम को दिल मेरा हो गया, मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया, तुम




जो मिल गए हो, दिल के झरोखे में तुझको बिठाकर ओ मेरे सोना रे सोना, चौदहवीं का चांद हो, आज मौसम बड़ा बेईमान है, बदन पे सितारे लपेटे हुए, आजा तुझको पुकारे मेरा प्यार, बहारों फूल बरसाओ, परदेसियों से न अंखियां मिलाना, मैं यट पगला यमला दीवाना, ये दुनिया ये महफ़िल, अच्छा जी मैं हारी, जनम-जनम का साथ है, नफ़रत की दुनिया को छोड़कर, मैं कहीं कवि न बन जाऊं, दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा सहित अनेक सदाबहार व सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां दी गई.

कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक राजेश काशिव, सीमा जोशी द्वारा स्वर सम्राट मोह मद रफी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ. वक्ता शैलेश तिवारी ने कहा कि रफी साहब की मधुर आवाज आज भी करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों में जीवित है. कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया ने किया. कार्यक्रम में सरगम के साथी क्लब द्वारा सभी कलाकारों का सम्मान किया गया.

## निर्माण स्थल पर करें सुरक्षा के इंतजाम

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** वार्ड 13 में प्रधानमंत्री रेंटल हाउस परियोजना के निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही को लेकर नवभारत द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए जाने के बाद नगर परिषद और निर्माण एजेंसी हरकत में आ गई. मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद ने तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए.

गौरतलब है कि निर्माण एजेंसी द्वारा की गई गहरी खुदाई के कारण सड़क किनारे लगा विद्युत खंभा खतरे की स्थिति में पहुंच गया था. बारिश के चलते मिट्टी धंसने और खंभे से जुड़ा स्टे वायर हवा में लटकने से किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी. इस संबंध में क्षेत्रवासियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई थी.

समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद के सीउमओ डॉ. प्रशांत जैन ने मामले का संज्ञान लेते हुए निर्माण एजेंसी को तत्काल आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए. इसके बाद एमपीयूडीसी के फील्ड इंजीनियर फुरकान कुरेशी ने निर्माण स्थल पर कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे खुले हिस्से को लोहे की चादरों से कवर कराया, ताकि राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके व संभावित हादसों को रोका जा सके. नागरिकों ने समय रहते सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए अपेक्षा जताई है कि आगे भी सभी सुरक्षा मानकों का पालन होगा.